ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
कृषि अनुसंधान केन्द्र
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषिविश्वविद्यालय
बीकानेर - 334006
Phone 0151 2250018, 0151 2250570
Email: arsagrometbikaner@gmail.com

क्रमांकः एफ/एग्रो/एग्रोमेट./24 दिनांकः 06.09.2024
जिलाः– बीकानेर

मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि सलाह

अवधि 10 सितम्बर 2024 से 14 सितम्बर 2024 तक

गत सप्ताह के मौसम की समीक्षाः इस दौरान अधिकतम तापमान 35.8 से 36.4 ºC एवं न्यूनतम तापमान 21.7 से 25.7 ºC के मध्य रहा। इस दौरान धीमी गति की हवायें चली एवं आपेक्षिक आर्द्रता 88 से 97% रही ।	**आगामी सप्ताह की मौसम भविष्यवाणीः** भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं राज्य मौसम केन्द्र, जयपुर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बीकानेर जिले में आगामी5 दिनों के दौरान (10.09.2024 से 14.09.2024) 10.09.2024 व 14.09.2024 को पूर्णाच्छादित छाए रहने , 11.09.2024 को घने बादल छाए रहने , 12.09.2024 को स्वच्छ आकाश रहने , 13.09.2024 को आंशिक बादल छाए रहने, न्यूनतम तापमान 26.0-27.0ºC और अधिकतम तापमान 37.0-38.0ºC के मध्य रहने की संभावना है। इस दौरान दक्षिणी, दक्षिणी दक्षिणी पश्चिमी, पश्चिमी उत्तरी पश्चिमी और उत्तरी पश्चिमी दिशा से तेज गति की हवायें चलने की संभावना है।

मौसम कारक	दिनांक				
	10.09.2024	11.09.2024	12.09.2024	13.09.2024	14.09.2024
वर्षा) एम.एम.(	0	0	0	0	0
आसमान में बादलो को स्थिति	पूर्णाच्छादित	घने बादल	स्वच्छ आकाश	आंशिक बादल	पूर्णाच्छादित
अधिकतम तापमान º C)	38	38	38	38	37
न्यूनतम तापमान (º C)	27	27	27	27	26
वायु दिशा	दक्षिणी	दक्षिणी दक्षिणी पश्चिमी	पश्चिमी उत्तरी पश्चिमी	उत्तरी पश्चिमी	पश्चिमी उत्तरी पश्चिमी
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	63	49	48	47	45
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत)	88	86	79	70	67
औसत वायु गति {कि./घण्टा}	13	10	8	12	8
वर्षा) एम.एम.(	00.00				

कृषकों के लिए कृषि सलाह (Agro Advisory): गत सप्ताह की मौसम समीक्षा एवं इस सप्तक के लिए मौसम पूर्वानुमान के आधार पर किसान भाइयों को निम्न सलाह दी जाती है ।

विशेष विवरण	भविष्य के लिए पानी और नमी की हर बूंद का संरक्षण करें। सभी फसलों में मृदा सरंक्षण, बेहतर वायु संचरण व खरपतवार नियंत्रण हेतु अंत: शस्य क्रियाएं करें। ग्वार एवं अन्य दलहनी फसलों में रस चूसने वाले कीड़ों (हरा तेला, सफ़ेद मक्खी, मोयला आदि) का प्रकोप होने पर असिटामीप्रिड या थायोमिथाक्सोम नामक रसायन का 3 ग्राम प्रति 10 लीटर की दर से पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

फसल	अवस्था	विवरण	कृषि सलाह
मूंगफली	सुइयां एवं फली बनने	कीट नियंत्रण	मूंगफली में पत्तीछेदक का प्रकोप होने पर इण्डोक्साकार्ब 14.5 एस. सी. 0.8 मिली प्रति लीटर या इमामेक्टिन बेन्जोएट 5 प्रतिशत एस. जी. 0.5 ग्राम प्रति लीटर का घोल बनाकर छिड़काव करें।
		व्याधि प्रबंधन	आने वाले दिनो में मौसम की परिस्थितियों के कारण मूँगफली की फसल में टिक्का रोग के प्रकोप की संभावना है। अतः किसान भाई इसके नियंत्रण के लिए मेंकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से प्रयोग करें।
ग्वार	शाखाएं निकलना	व्याधि प्रबंधन	वर्तमान और आने वाले दिनो की मौसम की परिस्थितियों के कारण ग्वार की फसल में जीवाणु झुलसा रोग होने की सम्भावना है। किसानों को सलाह है कि रोग के लक्षण दिखाई देते ही 2.5 ग्राम स्ट्रेप्टो साइक्लिन को 30 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड को 10 लीटर पानी में मिलाकर फसल पर छिड़काव करे।
मगूं/ मोठ	फूल आना एवं फली बनने	कीट नियंत्रण	मगूं/ मोठ में हरा तेला व थ्रिप्स से बचाव हेतु डायमेथोएट (30 ई.सी.) का 2.5 मिली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडक़ाव करें
तिल	फूल आना	कीट नियंत्रण	फसल में कैटरपिलर का प्रकोप होने पर इंडोक्साकैब 14.5 एससी 1 मिली या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
उद्यानिकी		बाग लगाने एवं सिंचाई	किन्नों के नये बाग लगाने हेतु 6 मीटर x 6 मीटर की दूरी पर 1 मीटर x 1 मीटर x 1 मीटर आकार के गड्डों की खुदाई कर 20 दिन खुला छोड़ देंवे। खजूर, किन्नों, संतरा व नीबू के बगीचे में नियमित अन्तराल पर सिंचाई करें।

सह-आचार्य एवं तकनीकी अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

क्षेत्रीय अनुसन्धान निदेशक एवं
नोडल ऑफिसर - ग्रामीण कृषि मौसम सेवा